सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राज्यपाल ने प्रदेशवासियों को ‘ईद–उल–फितर’ की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

राजभवन देहरादून 10 अप्रैल, 2024

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने ‘ईद–उल–फितर’ पर प्रदेशवासियों को विशेषकर पर मुस्लिम समुदाय को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। पूर्व संध्या पर प्रेषित अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि ‘ईद–उल–फितर’ का त्योहार हम सबको प्यार–मोहब्बत, आपसी भाई–चारे तथा समरसता की भावना का संदेश देता है। उन्होंने कहा की हमारे देश में विभिन्न धर्म और समुदायों द्वारा मनाये जाने वाले त्योहार हमें आपस में मिलजुल कर, एक दूसरे की खुशियों को बांटने का अवसर प्रदान करते हैं। इस अवसर पर हमें समरसता के संदेश को मजबूती से बढ़ाने का संकल्प करना चाहिए, जो राष्ट्र की समृद्धि और एकता के लिए महत्वपूर्ण है।

..........0..........